महत्वपूर्ण एवं खास

डॉ. बलदेव को दिव्य जीवन संघ ने दी श्रद्धांजलि

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के माने जाने साहित्यकार, कवि एवं कला मर्मज्ञय डॉ. बलदेव साव के निधन पर गहन शोक व्यक्त करते हुए

नगर के दिव्य जीवन संघ शाखा एवं जिले के सांस्कृतिक कला जगत की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। गत सोमवार को स्थानीय दिव्य जीवन संघ शाखा कार्यालय में सत्संग समागम के दौरान दिवंगत डॉ. बलदेव को दो मिनट की शोक सभा आयोजित कर नगर के कला गुरू वेदमणिसिंह ठाकुर, शिव कुमार पांडेय, प्रो.के.के. तिवारी, जगदीश मेहर, मनहरण सिंह ठाकुर, गणेश कछवाहा, भीम कुमार मिरानिया, हरेराम तिवारी, दीनदयाल रतेरिया, देवलाल देवांगन, खुशीराम मेहर, रमेश अग्रवाल, शिव कुमार देवांगन, चैतन्य मेहर, मोतीलाल मेहर, जयप्रकाश सोनी, राघवेन्द्र सिंह, देवेन्द्र मेहर, कोमल पण्डया, मुन्नी पण्डया, श्रीमती लक्ष्मी मेहर, चन्द्रा देवांगन, अदिति वशिष्ठ, सीमा पैंकरा, जानकी यादव आदि ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

आप प्रत्याशी का प्रचार सामग्री जब्त

अंबिकापुर। बिना अनुमति के आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी द्वारा मंगलवार की रात कार में ले जाई जा रही प्रचार सामग्री प्रशासनिक

अधिकारियों ने दरिमा थाने के सामने जब्त कर ली। प्रचार सामग्री में नियमानुसार न तो संख्या और न ही प्रकाशक का नाम दर्ज था। जिस कार में सामग्री ले जाई जा रही थी, उसे भी थाने में खड़ी करा दी।

विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही अब प्रत्याशी वोटरों को लुभाने के लिए तरह-तरह के तरीके अपना रहे हैं। वे आचार संहिता का उल्लंघन करने से भी नहीं चूक रहे हैं। इधर प्रशासनिक अमले ने भी इसे रोकने के लिए सारी ताकत झोंक दी है।

मंगलवार की रात दरिमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी अशोक तिर्की द्वारा प्रचार के लिए पम्पलेट व अन्य सामग्री कार क्रमांक सीजी 15 बी-6831 में ले जाई जा रही थी।

इसकी जानकारी प्रशासन को होने के बाद एसडीएम अजय त्रिपाठी, प्रभाकर पाण्डेय व दरिमा पुलिस ने मंगलवार की रात लगभग 7.30 बजे थाने के सामने से जा रही वाहन को रोककर जांच की। वाहन में आम आदमी पार्टी के सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अशोक तिर्की के नाम का पम्पलेट था। इसकी संख्या लगभग 1500 से 2000 के बीच थी। वाहन से जब्त प्रचार सामग्री में न तो प्रकाशक का नाम और न ही संख्या मुद्रित थी।

टी-शर्ट के टुकड़े और पत्नी की फोटो देखकर पहचाना शव को

भिलाई। बीएसपी कोक ओवन हादसे में मृत कर्मियों के शव की

पहचान करने उनके परिजनों को बुधवार की सुबह 7 बजे सेक्टर-9 हॉस्पिटल के मॉर्च्युरी ले जाया गया। कमरे में एक साथ 9 शव देखकर पहले तो चंद मिनट के लिए सभी का कलेजा दहल गया। साथी और रिश्तेदारों ने ढांढस बंधाते हुए साहस बढ़ाया। स्ट्रेचर पर कतार से रखे शव को पारी-पारी से देखते हुए सभी सहमे कदम से आगे बढ़ते जा रहे थे।

सभी शव का डीएनए टेस्ट कराने का निर्णय

बिलकुल कोयला हो चुके शरीर में जैसे ही अपना होने का कुछ निशान नजर आता चीख, पुकार और दहाड़ से पूरा कमरा गूंज उठता। किसी ने कद, काठी, तो किसी ने खाक हो चुके शरीर पर चिपके कपड़े के टुकड़े से अपनों के शव की पहचान कर ली।

मोदी के नाम पर वोट मांगेगी, पर्दे के पीछे होंगे राज्यों के सीएम

पार्टीशासित राज्यों में गुजरात का सियासी दांव आजमाएगी भाजपा | आंतरिक सर्वे में मोदी का जलवा बरकरार रहने की रिपोर्ट के बाद पार्टी ने बनाई रणनीति | बड़ी संख्या में विधायकों को काटे जाएंगे टिकट

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव से पहले पार्टीशासित तीन राज्यों में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में सत्ता विरोधी रुझान को थामने के लिए भाजपा गुजरात फार्मूला अपनाएगी। आंतरिक सर्वे में राज्य सरकारों के खिलाफ नाराजगी के बावजूद पीएम नरेंद्र मोदी का जादू बरकरार रहने की रिपोर्ट के बाद पार्टी नेतृत्व ने गुजरात की तर्ज पर बड़ी संख्या में नए चेहरों पर दांव लगाने और पीएम मोदी के नाम पर वोट मांगने की रणनीति बनाई है। इस रणनीति के तहत गुजरात की ही तर्ज पर राज्यों के सीएम को पर्दे के पीछे कर पीएम मोदी को फ्रंट फुट पर लाने की है।

पार्टी के एक वरिष्ठ नेता केमुताबिक

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 15 साल की सत्ता और राजस्थान में दूसरे कारणों से राज्य सरकारों के खिलाफ नाराजगी है। आंतरिक सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य सरकारों के खिलाफ नाराजगी के बावजूद लोगों का भरोसा पीएम मोदी पर वर्ष 2014 की तरह ही कायम है। यही कारण है कि पार्टी ने सत्ता विरोधी रुझान को कम करने केलिए बड़ी संख्या में विधायकों-मंत्रियों का टिकट काटने और पूरे चुनाव को सीधे पीएम मोदी से जोडऩे की रणनीति बनाई है। इन तीनों ही राज्यों में पीएम मोदी की ताबड़तोड़ रैलियों के कारण सभी सीएम पर्दे के पीछे चले जाएंगे और पूरा चुनाव पीएम मोदी केइर्दगिर्द घूमने लगेगा। पार्टी के लिए राहत की बात है कि छत्तीसगढ़ के चुनाव के बाद मध्यप्रदेश और राजस्थान के लिए पीएम के पास क्रमशः दो और तीन हफ्ते का लंबा वक्त होगा।

राजस्थान में चिंता तो मध्य प्रदेश में कार्यकर्ताओं पर भरोसा

पार्टी राजस्थान को ले कर चिंतित है, जबकि अपने सबसे मजबूत गढ़ माने जाने वाले मध्य प्रदेश में उसे कार्यकर्ताओं पर भरोसा है। इस सूबे में पार्टी के पास दशकों पुराने मजबूत और समर्पित कार्यकर्ताओं की लंबी फौज है। इस कारण पार्टी को अपने इन कार्यकर्ताओं की बदौलत लोगों की नाराजगी को मतदान से पहले दूर कर लेने का भरोसा है।

गुजरात में सफल रहा था दांव

बीते साल यह दांव गुजरात में सफल रहा था। राज्य के सीएम विजय रुपाणी के खिलाफ नाराजगी की सूचना के बाद पीएम ने न सिर्फ खुद मोर्चा संभाला था, बल्कि सत्ता विरोधी रुझान को कम करने के लिए कई मंत्रियों और विधायकों को टिकट से वंचित कर दिया था।

हिंदू-मुस्लिम बच्चों को अलग-अलग बैठाने के मामले में प्रिंसिपल सस्पेंड, दिल्ली सरकार ने दिए जांच के आदेश

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के एक प्राथमिक विद्यालय में हिंदू और मुस्लिम छात्रों को अलग-अलग कक्षाओं में बैठाने को लेकर उत्तरी दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) ने स्कूल प्रभारी को निलंबित कर दिया है। वहीं, दिल्ली सरकार ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने भी मामले में रिपोर्ट तलब की है। एनडीएमसी के शिक्षकों के एक वर्ग ने आरोप लगाया है कि वजीराबाद के प्राथमिक स्कूल में हिंदू और मुस्लिम छात्रों को अलग अलग कक्षाओं में बैठाया जा रहा है। भाजपा शासित एनडीएमसी ने अपनी शुरुआती जांच में आरोपों को सही पाया और स्कूल प्रभारी को निलंबित करने का आदेश दिया। निगम ने इस घटना की निंदा करते हुए इसे 'अकल्पनीय' और 'अक्षम्य' करार दिया है। उत्तरी नगर निगम के आयुक्त मधुप व्यास ने कहा, 'मुझे मेरे अधिकारियों ने आरोपों के बारे में जानकारी दी। हमने आरोपों की जांच करने का फैसला किया और दुर्भाग्य से यह आरोप सही पाए गए। हमने तुरंत प्रभाव से स्कूल के प्रभारी को निलंबित कर दिया है।'

आयुक्त ने घटना को 'बेतुका' और 'अक्षम्य' बताते हुए कहा कि यह बहुलतावादी समाज की संरचना के खिलाफ है। एनडीएमसी के शिक्षा निदेशक एच के हेम ने बताया कि जुलाई में स्कूल के प्रधानाचार्य का तबादला कर दिया गया था जिसके बाद शिक्षक सी बी सिंह सेहरावत को स्कूल का प्रभारी बनाया गया था। उन्होंने बताया कि आरोपों की जांच के लिए बुधवार को तीन सदस्य समिति भेजी गई थी। आयुक्त ने कहा, 'हमारी जांच के दौरान, यह पाया गया कि स्कूल प्रभारी ही था जिसने (छात्रों को) अलग अलग कक्षाओं में बैठना शुरू किया। ये बच्चे गरीब पृष्ठभूमि से आते हैं और इस तरह के कृत्यों से उन पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकते हैं।

जानलेवा माहौल के बीच-पेड़ों की कटाई ...

दिनदहाड़े निर्दयता से काट दिए गए दर्जनों हरे-भरे पेड़

एक तरफ़ प्रसाशन पर्यावरण बचाओ के नारे लगता है तो दूसरी तरफ वर्षो पुराने वृक्षों की नृशंस बलि दिये जाने पर चुप्पी साधना कितना उचित है

रायगढ़। जिला मुख्यालय में लगातार बिगड़ रहे पर्यावरण परिस्थितियों के मद्देनजर एक-एक वृक्ष को कीमती कहा जा सकता है। मुख्यालय के दम-घुटाऊ वातावरण के बीच जहां शहर के विभिन्न रिहायसी इलाकों में लगातार आक्सीजन की मात्रा तेजी से घट रही है तो वही इसकी आपूर्ति के लिये वृक्षारोपण या प्रसात्मित आक्सीजोन बनाने की कोई सार्थक तैयारी करता हुआ जिला या निगम प्रसाशन दिख नही रहा है। जबकि सब जानते है कि बीते 3-4 वर्षों में वायु में आक्सीजन की तेजी से घटती मात्रा को लेकर चिंताजनक स्थिति बनी हुई है। इससे परे जिला न्यायालय और कलेटोरेट से लगे मुख्य मार्ग के किनारे लगे वर्षों पुराने हरे-भरे दर्जनों विशाल काय वृक्षों की दिनदहाड़े कटाई जारी है। इन वृक्षों की कटाई को देखकर कोई भी पर्यावरण प्रेमी सहसा बिलख उठेगा। वही वृक्षो की कटाई को लेकर कोई जायज वजह बताने के लिए वन-विभाग

या जिला प्रशासन का कोई जिम्मेदार अधिकारी कुछ कहने को तैयार नही है। यही वजह सम्भावित निर्माण के उद्देश्य से दर्जनों हरे-भरे पेड़ों की बालात नृशंस कटाई कर दी गई। दुख की बात तो यह है कि इस गम्भीर विषय को लेकर पूरा शहर यहां तक की नामी गिरामी स्वयंभू पर्यावरण प्रेमियों ने भी गजब की चुप्पी साध ली है। जबकि मुख्यालय में कई बड़े नामचीन समाज सेवी,वृक्षमित्र और पर्यावरण प्रेमी रहते है।

इनके रहते भी यहां किसी ने इतना तक जानने की कोशिश नही की,कि उक्त वृक्षों की कटाई के पूर्व क्या सम्बन्धित विभाग से आवश्यक अनुमतियाँ ली गई थी या नही.? अथवा क्या इतने पेड़ों की कटाई से होने वाले पर्यावरणीय क्षति की पूर्ति हेतु दूसरे स्थानों में कहीं अतिरिक्त वृक्ष लगाए गए है.?

इन सुलगते सवालों के बीच पूरा शहर यह सोंच कर स्तब्ध है कि पर्यावरण की सुरक्षा को समर्पित ऐसे दर्जन भर पुराने हरे-भरे पेड़ जो दिनदहाड़े जमींदोज कर दिए गए इनकी कटाई से मुख्यालय के वायुमंडल में ऑक्सीजन की कमी की समस्या और अधिक गम्भीर हो जाएगी।

पोलियो का टीका लगाने के बाद दुधमुंहे की मौत, लिखाई रिपोर्ट

ग्राम ढोलिया आंगनबाड़ी में टीके लगाने के बाद मौत

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम ढोलिया के रामेश्वर साहू ने थाने में सूचना दी कि उनके डेढ़ माह के दुधमुहे धनंजय का गांव के आंगनबाड़ी क्रमांक एक में टीके लगाने के बाद आज सुबह मौत हो गई। मृतक के पिता ने बताया कि टीकाकरण के बाद बच्चे की तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। उन्होंने टीकाकरण के बाद मासूम की मौत होने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बेमेतरा। आंगनबाड़ी केन्द्र में टीका लगाए जाने के 13 घंटे बाद डेढ़ माह के मासूम की मौत का मामला सामने आया है। मासूम की मौत के बाद परिजन ने टीकाकरण में लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। टीकाकरण के बाद बच्चे की मौत की खबर लगते ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसके शर्मा आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि जिले में टीकाकरण के बाद किसी बच्चे की मौत का यह पहला मामला है। बच्चे को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत पोलियो ड्राप पिलाकर दो टीके लगाए थे।

बच्चे की मौत की रिपोर्ट राज्य कार्यालय भेजी जाएगी।

पुलिस व स्वास्थ विभाग की टीम पहुंची

परिजन की सूचना पर आज सुबह पुलिस की टीम संरपच लेखूराम साहू के घर पहुंची और बच्चे की मौत मामले में जांच शुरू की। पुलिस ने मृतक की मां सीमा साहू सहित अन्य परिजनों का बयान लिया है।

एक दिन पहले स्वस्थ और खेल रहा था मासूम

परिजनों ने बताया कि मासूम धनंजय टीका लगाने के पहले स्वस्थ और गोद में खेल रहा था।

प्रत्याशी या राजनीतिक दल बैनर एवं फ्लेक्स लगाने के पहले संपत्ति स्वामी से लेंगे लिखित पूर्वानुमति

रायगढ़। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार निजी स्वामित्व की संपत्ति जैसे भवन, दीवार, परिसर, अहाता आदि में किसी भी प्रकार की प्रचार-प्रसार सामग्री जैसे बैनर, फ्लैक्स, होर्डिंग्स, दीवार लेखन, झण्डे इत्यादि के संबंध में प्रत्याशी या राजनीतिक दल प्रचार सामग्री के संबंध में संपत्ति स्वामी से लिखित पूर्वानुमति प्राप्त करेंगे।

उसे तीन दिवस के भीतर संबंधित विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर अथवा रिटर्निंग आफिसर के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत होगा।

उपरोक्त जानकारी प्रपत्र-2 में देनी होगी। इन प्रावधानों का उल्लंघन करने पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 171 एच के तहत अपराध की श्रेणी में आएगा।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कुलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की
खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर
एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

CAREER SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ..
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
Topper Students Last Session



Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday.....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....
CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931